

## जैकलीन ने विदेश जाने के लिए कोर्ट से लगाई गुहार

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का नाम जबसे 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में उछला है, तबसे ही वो सुर्खियों में हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब एक हफ्ते पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी तकरीबन 7 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। इसके साथ ही उनके खिलाफ ईडी पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर चुका है, जिसके तहत वो विदेश नहीं जा सकती हैं। अब इसी सिलसिले में उन्होंने दिल्ली की एक अदालत में अर्जी दी है। उन्होंने अबू धाबी में होने वाले आईफा अवॉर्ड्स में शामिल होने के लिए 15 दिनों की विदेश यात्रा की अनुमति मांगी है। ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने अबू धाबी में आईफा अवॉर्ड्स के लिए दिल्ली की एक अदालत में अर्जी देकर 15 दिनों के लिए विदेश यात्रा की अनुमति मांगी है। उन्होंने अबू धाबी, फ्रांस और नेपाल की यात्रा करने के लिए अदालत से परमिशन मांगी है। ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ एक ऐक्टिव लुक आउट सर्कुलर जारी है, जिसके कारण पिछले साल मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उन्हें सिक्योरिटी ने रोक लिया था।

## सायशा शिंदे ने लॉक अप खत्म होते ही बदला ट्रैक

फेमस फैशन डिजाइनर सायशा शिंदे ने रियलिटी शो लॉक अप से टीवी में डेब्यू किया था। उन्हें पूरी उम्मीद थी कि वह शो तो जीत जाएंगी लेकिन फिनाले से एक दिन पहले ही एविक्ट हो जाने से उनके सपने पर पानी फिर गया। हालांकि वह जितने भी दिन लॉक अप में रहीं, उनकी जर्नी यादगार रही। उनकी दोस्ती, प्यार, कंटेस्टेंट्स से लड़ाई और जजमेंट डेज पर शॉकिंग सीक्रेट्स सब दर्शकों ने देखे और सुने। अब उन्होंने लॉक अप की सक्सेस पार्टी के बाद दिए एक इंटरव्यू में सब पर बात की है। मुनव्वर फारुकी से अपने रिश्तों के बारे में फैंस को बताया। साथ ही पायल रोहतगी के बारे में भी काफी कुछ बोल गईं, जिसकी उम्मीद लोगों को नहीं थी। क्योंकि इनका लॉक अप में रिश्ता एवरेज ही रहा। न ज्यादा प्यारा मिला और न भयंकर लड़ाई। हल्की फुल्की बहसबाजी जरूर नजर आई। खैर अब जो कहा है, वह थोड़ा हैरान करने वाला है। मुनव्वर फारुकी के पहले विनर बनने पर सायशा ने कहा कि वह डिजर्विंग थे। वह कहती हैं, मुनव्वर एक स्पेशल इंसान हैं। ये शो उसके ही नसीब में लिखा था।

## पंडित शिव कुमार शर्मा के अंतिम दर्शन करने पहुंचे अमिताभ और जया बच्चन



मंगलवार को मशहूर संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा का कार्डियक अरेस्ट के चलते निधन हो गया। 84 साल के पंडित शिव कुमार के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देशभर की हस्तियों ने शोक व्यक्त किया। बुधवार को पंडित शिव कुमार के अंतिम दर्शन करने उनके घर बॉलिवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, शबाना आजमी से लेकर जावेद अख्तर समेत तमाम स्टार्स पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पंडित शिव कुमार का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ 11 मई दोपहर 2.30 बजे होगा। अमिताभ बच्चन की वीडियो भी सामने आई है जिसमें वह पंडित शिवकुमार के पार्थिव शरीर को नमन करते नजर आ रहे हैं। वहीं जया बच्चन भी तस्वीरों में नजर आईं। उनके अलावा ईला अर्जुन और हरिहरन जैसे दिग्गज भी इस दुख की घड़ी में पंडित शिव कुमार शर्मा के परिवार को संभालते नजर आए। पंडित शिव कुमार पिछले कुछ समय से किडनी से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे और वह डायलिसिस पर थे। विश्व भर में संतूर को ख्याति दिलवाने वाले पंडित शिवकुमार ने कई फिल्मों में भी संगीत दिया है। वह साल 1986 में संगीत नाटक अकेडमी अवॉर्ड से सम्मानित हुए और साल 1991 में पद्मश्री और 2002 में पद्मविभूषण से नवाजा गया।

# मैं तेलुगू फिल्मों का प्रिंस हूं, बॉलिवुड में भिखारी क्यों बनूं?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*तेलुगू फिल्मों के सुपरस्टार महेश बाबू ने जब से यह कहा है कि बॉलिवुड उन्हें अफोर्ड नहीं कर सकता, तब से हलचल मच गई है। महेश बाबू ने यह बात हाल ही फिल्म मेजर के ट्रेलर लॉन्च पर कही। महेश बाबू ने यह भी कहा कि वह किसी बॉलिवुड फिल्म में काम करके वक्त बर्बाद नहीं करना चाहते। महेश बाबू ने ऐसी बात कही तो हर कोई हैरान रह गया। मन में सवाल उठा कि भई, महेश बाबू कितनी फीस लेते हैं जो बॉलिवुड अफोर्ड नहीं कर सकता है।*

**महेश बाबू के बारे में लोग पूछ रहे ये सवाल**


गूगल पर भी लोग इसी तरह के सवाल सर्च करने लगे। मसलन, महेश बाबू कितने अमीर हैं? क्या महेश बाबू सच में अमीर हैं? महेश बाबू इतने फेमस क्यों हैं? महेश बाबू को प्रिंस क्यूं कहा जाता है? किस फिल्म में महेश बाबू अरबपति बने? महेश बाबू के नाम का मतलब क्या है?

**एक फिल्म की 80 करोड़ फीस लेते हैं महेश बाबू**

तो बता दें कि महेश बाबू 4 साल की उम्र से काम कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह आज एक फिल्म के लिए 80 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं। उन्हें तेलुगू फिल्मों का प्रिंस इसलिए कहा जाता है क्योंकि अर्बन डिक्शनरी ने भी उन्हें सेक्सी और चार्मिंग ऐक्टर माना है। अर्बन डिक्शनरी में महेश बाबू का नाम और उसका मीनिंग साल 2013 में जोड़ा गया था।

**बॉलिवुड पर महेश बाबू का डांवाडोल रवैया**

फैंस भले ही इस बात से हैरान हों कि महेश बाबू क्यों बॉलिवुड को कमतर आंक रहे हैं और क्यों इस इंडस्ट्री में काम नहीं करना चाहते। जबकि कुछ साल पहले दिए एक इंटरव्यू में महेश बाबू ने कहा था कि उनकी लिस्ट में कई ऐसे बॉलिवुड डायरेक्टर्स हैं, जिनके साथ वह काम करना चाहते हैं। लेकिन अगले कुछ साल



तक बिजी शेड्यूल के कारण नहीं कर पाएंगे।

**कितना भी लुभावना अहफर मिले, नहीं जाऊंगा बहलिवुड**

ऐसे में महेश बाबू का बॉलिवुड में काम करने को लेकर दिया गया स्टेटमेंट हैरान करता है। पर इससे भी हैरान करने वाला बयान महेश बाबू ने कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में दिया था। ऐसे में वह बॉलिवुड में जाने से क्यों हिचकिचा रहे हैं? तब महेश बाबू ने जवाब दिया था, मेरी कोई इच्छा या इंटेंशन नहीं है कि मैं बॉलिवुड में काम करूं। तेलुगू फिल्मों में मेरे पास बहुत काम है। जिंदगीभर तक का काम है यहां। चाहे कितना भी लुभावना ऑफर क्यूं न मिले, मैं कभी बॉलिवुड फिल्म में काम नहीं करूंगा।

**कभी थी इच्छा, बड़े बहलिवुड डायरेक्टर्स संग करना है काम**

जब महेश बाबू की इसी बात पर उनसे दोबारा सवाल किया गया कि उन्होंने एक अन्य इंटरव्यू में तो कहा है कि कुछ एक्साइटिंग ऑफर मिलेगा तो वह जरूर बॉलिवुड में काम करेंगे। इस पर महेश बाबू ने कहा था, हां मैं मानता हूं कि मैंने कहा था कि मैं बॉलिवुड फिल्म में काम करने के लिए तैयार हूं। लेकिन यह उस प्रॉजेक्ट और डायरेक्टर पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे पास एक्साइटिंग आइडिया के साथ आएगा तो मैं जरूर ऑफर स्वीकार करूंगा।

**तेलुगू का प्रिंस हूं, बहलिवुड में भिखारी क्यों बनूं?**

महेश बाबू ने आगे कहा था, श्लेकिन साथ ही मैं यह भी क्लियर कर देना चाहता हूं कि उस इंटरव्यू में मैंने वह बात सिर्फ उन खबरों पर विराम लगाने के लिए कही थी, ताकि कयासों का दौर खत्म हो जाए। आज मैं जो बोल रहा हूं, उस पर अडिग हूं। मैं बॉलिवुड में चूहे की दौड़ में कभी शामिल नहीं होना चाहूंगा। मैं तेलुगू फिल्मों का प्रिंस हूं। मैं भला बॉलिवुड फिल्मों में भिखारी क्यों बनूं?

# भारती सिंह को अब खल रही बेटी की कमी!



*पॉप्युलर कमीडियन भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया 3 अप्रैल 2022 को पैरेंट्स बने थे। उन्हें एक गोलू-मोलू सा बेटा हुआ था। उसका नामकरण तो नहीं हुआ लेकिन उसे प्यार से गोला बुलाते हैं। खैर, कमीडियन काम पर तो वापस लौट आई हैं। हुनरबाज के बाद वह अपना द खतरा खतरा शो शूट कर रही हैं। अब इस शो के दौरान ही उन्होंने अपने बेटे के बारे में बात की। साथ ही बताया कि उन्हें किस वजह से बेटी की कमी खल रही है और वह क्यों इस दुनिया में आनी चाहिए।*

शो के सेट पर मीडिया से बात करते हुए भारती बताती हैं, मैं गर्व महसूस करती हूं कि मुझे अपने छोटे बेबी के रूप में बेस्ट फ्रेंड मिल गया है। हर्ष हमेशा बिजी रहता है। मुझे पहले लगता था कि मेरा एक बेटा है। लेकिन अब मेरे पास दो हैं। मैं बेटी चाहती थी जो घर को ठीक-ठाक करके रखती। घर में हर जगह जूते और जैकेट बिखरे रहने के बाद मुझे अब और ध्यान रखना पड़ेगा इस वजह से मैं परेशान हूं। शायद अब हमें एक बड़ा घर चाहिए, जिसमें ढेर सारे अलमारियां हों।

**भारती सिंह को है अभी एक बेटी की चाहत**

बेटी की बात आने के बाद मीडिया पर्सन ने कमीडियन से कहा कि उन्हें जल्द ही बेटी होगी। इस पर मजाक बनाते हुए भारती ने कहा, श्अब तुमने अनुमान लगा लिया है। दो बच्चे तो होने ही चाहिए, नहीं? एक ड्राइवर के जैसे और दूसरा एक खाना पकाने वाला। ना? लेकिन सच-सच बताऊं, मैं भी ये चाहती हूं और भरोसा है कि जल्द बेटी आएगी। लेकिन बच्चों के बीच कम-से-कम दो साल का गैप होना चाहिए। हमारा एक बेटा है, उसे एक बहन तो चाहिए ही। अगर हमारी बेटी होती, तो हम कहते कि उसे एक भाई चाहिए।

**भारती सिंह जल्द दिखाएंगी बेटे की झलक**

रिपोर्ट्स ने पूछा कि भारती अपने बेटे का चेहरा दुनिया को कब दिखाएंगी, तो उन्होंने बताया, अगर ये हमारे ऊपर होता तो हम पहले दिन ही उसका चेहरा दिखा चुके होते, लेकिन हमें बड़ों की भी सुननी होती है। उसे इस दुनिया में आए 40 दिन पूरे होने वाले हैं। मैं बहुत खुश हूं। हमने बेबी के साथ अभी कुछ फोटोशूट करवाए हैं, जिसकी तस्वीरें जल्द ही पोस्ट करेंगे।